




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 30 जून-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 256 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# नई व्यवस्था की सिफारिश

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी का मामला : एसआईटी ने कार्यपालक अधिकारी की नियुक्ति पर दिया जोर



**● घर, परिवार या किसी कंपनी की तरह ट्रस्ट का संचालन न किया जाए**

**लखनऊ।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का मामला उजागर होने के बाद एसआईटी ने अन्य मंदिरों की तरह यहां पर भी मुख्य कार्यपालक अधिकारी की नियुक्ति करने की सिफारिश की है। जब ये व्यवस्था लागू होगी तो किसी सेवारत अधिकारी की नियुक्ति की जा सकती है। इसमें मंडलायुक्त, जिले के डीएम या कोई राजस्व अधिकारी हो सकता है। दरअसल, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को अब तक मुख्य रूप से चंपत राय, अनिल मिश्रा व गोपाल राव चला रहे थे। अन्य पदाधिकारियों का हस्तक्षेप न के बराबर रहा। ट्रस्ट का गठन फरवरी 2020 में हुआ था। छह साल के भीतर कई विवाद जुड़े। वहीं अब चढ़ावा चोरी जैसा गंभीर मामला उजागर हुआ। इसलिए एसआईटी ने अपनी जांच रिपोर्ट में सीईओ को नियुक्त करने की सिफारिश की है, जिससे व्यवस्था में पारदर्शिता आए और जवाबदेही भी तय की जा सके। घर-परिवार व किसी कंपनी की तरह ट्रस्ट का संचालन न हो। अब तक ये चर्चा रही है कि किसी सेवानिवृत्त अधिकारी को सीईओ नियुक्त किया जा सकता है। इसमें कई अधिकारियों के नाम भी चर्चा में हैं। लेकिन पुख्ता सूत्र बताते हैं कि राम मंदिर में जो सीईओ नियुक्त होगा, वह सेवारत अधिकारी ही रहेगा। कौन होगा और कब इस नियुक्ति की जाएगी, इसको लेकर मंथन चल रहा है। एसआईटी की विस्तृत जांच पूरी होने के बाद इस प्रक्रिया की शुरुआत होने की संभावना है।

## भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में सुप्रीम कोर्ट का सीबीआई जांच से इनकार



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के भोजपुर जिले में हुए भरत भूषण तिवारी के एनकाउंटर मामले में सीबीआई जांच की मांग वाली जनहित याचिका (PIL) पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने PIL दायर करने वाले वकील से कहा कि वे अपनी याचिका के साथ संबंधित हाई कोर्ट जा सकते हैं। इस PIL में उन पुलिसकर्मियों के खिलाफ FIR दर्ज करने की मांग की गई है, जिन्होंने भरत तिवारी को एनकाउंटर में मार दिया।

## नाबालिग से रेप मामले में आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आसाराम की उस याचिका पर राजस्थान सरकार से जवाब तलब किया है, जिसमें खुद को भगवान बताने वाले आसाराम ने राज्य हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। हाई कोर्ट ने 2013 में एक नाबालिग के साथ रेप के मामले में उनकी दोषसिद्धि और उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा था। कोर्ट ने आसाराम की सजा को निलंबित करने से इनकार कर दिया। जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस शील नागू की पीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है।

## 6 सांसदों के बाद MLC सचिन अहीर भी शिंदे गुट में शामिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति से उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (UBT) को एक और बड़ा झटका लगा है। शिवसेना यूबीटी के विधान परिषद सदस्य (श्थ्ण) सचिन अहीर डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट में शामिल हो गए हैं। यही नहीं सचिन अहीर महायुति उम्मीदवार के रूप में डिप्टी स्पीकर पद के लिए नामांकन भी दाखिल कर दिया है। नामांकन दाखिल करते समय महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व सुनेत्रा पवार उनके साथ मौजूद रहे। यह 2022 में पार्टी के बंटवारे के बाद उद्धव ठाकरे के लिए एक और बड़ा झटका है। दो-तिहाई की इस बड़ी टूट के कारण इन सांसदों पर दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्यता का खतरा भी नहीं रहेगा।

## निफ्टी ने पहली बार 24000 के ऐतिहासिक स्तर को पार किया

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार ने आज एक नया इतिहास रच दिया है। वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों और कच्चे तेल की कीमतों में हालिया बढ़त बरकरार रहने के बीच घरेलू बेंचमार्क इंडेक्स—सेंसेक्स और निफ्टी—30 जून, 2026 को मजबूत बढ़त के साथ खुले। इस शुरुआती तेजी के दम पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक 'निफ्टी 50' पहली बार 24,000 के मनोवैज्ञानिक और ऐतिहासिक स्तर को पार करने में कामयाब रहा। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला BSE सेंसेक्स 277.14 अंक या 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,005.51 के स्तर पर खुला। वहीं, निफ्टी 50 इंडेक्स 85.8 अंक चढ़कर 24,032.05 पर पहुंच गया। इससे पिछले ट्रेडिंग सेशन में सेंसेक्स 76,728.37 पर और निफ्टी 23,946.25 पर बंद हुआ था।

## बस और ट्रेलर की भिड़ंत में चार की मौत, कई घायल

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर थाना राया क्षेत्र में माइलस्टोन 112-113 के बीच मंगलवार तड़के करीब 3:35 बजे भीषण सड़क हादसा हुआ। इसमें चार लोगों की मौत एवं 20-25 लोगों के घायल होने की सूचना है। जानकारी के अनुसार गोला बस सर्विस की वोल्वो बस की यहां एक ट्रेलर से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के समय बस में लगभग 65 यात्री सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सीओ महावन, थाना प्रभारी राया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। एसडीआरएफ और फायर सर्विस की टीम ने भी तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया।

## हल्दिया रिफाइनरी की पाइपलाइन में लगी भीषण आग, 15 झुलसे

**कोलकाता।** बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के हल्दिया रिफाइनरी (हल्दिया पेट्रोकेमिकल्स) की नैप्था सप्लाई पाइपलाइन में मंगलवार तड़के भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। इस हादसे में अब तक करीब 15 लोगों के झुलसने की खबर है, जबकि आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 12 गाड़ियों को मौके पर लगाया गया है। मंगलवार सुबह करीब चार बजे हल्दिया पेट्रोकेमिकल्स की नैप्था पाइपलाइन में अचानक जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट के तुरंत बाद आग तेजी से फैलते हुए हल्दिया नगर पालिका के वार्ड नंबर 13 स्थित चिरंजीबपुर इलाके तक पहुंच गई। देखते ही देखते पूरा इलाका आग की चपेट में आ गया। दमकल कर्मियों और बचाव दल ने मौके पर पहुंचकर 15 घायलों को गंभीर रूप से झुलसी अवस्था में बाहर निकाला।



## अजय राय को नजरबंद करने से क्षुब्ध कांग्रेस कार्यकर्ता बैठे धरने पर

**अयोध्या।** यूपी कांग्रेस चीफ अजय राय को हाउस अरेस्ट करने के बाद अयोध्या में राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्मा गया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। अयोध्या धाम के टेढ़ी बाजार चौराहे पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस उन्हें साथ में पुलिस लाइन ले गई है। उधर, नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में अजय राय को रखा गया है। इसकी जानकारी मिलते ही कार्यकर्ता विवि. पहुंच गए। विवि. के मुख्य गेट के सामने कांग्रेस कार्यकर्ता धरने पर बैठे हैं। बता दें कि अजय राय समेत कई नेताओं को पुलिस ने नजरबंद किया है। आज सभी लोग राम मंदिर में रामलला दर्शन करने वाले थे। दर्शन के बाद ट्रस्ट का घेराव करने का कार्यक्रम था, लेकिन इससे पहले ही कई नेताओं को नजरबंद कर दिया गया।

## चढ़ावा चोरी मामले में राजनीति नहीं होनी चाहिए : मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने मंगलवार (30 जून) को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले चंदे में कथित हेराफेरी का मामला 'बेहद गंभीर और चिंताजनक' है। साथ ही, उन्होंने इस मुद्दे का राजनीतिकरण न करने की चेतावनी भी दी। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और उन्हें बख्शा नहीं जाना चाहिए। उनका यह पोस्ट अयोध्या में राम मंदिर में दान की चोरी के मामले में अयोध्या पुलिस और राज्य सरकार की ओर से बनाई गई स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम की चल रही जांच के बीच आया है। एक्स पर एक पोस्ट में उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी, गबन और हेराफेरी के बारे में रोज़ आ रही मीडिया रिपोर्टें बेहद गंभीर और चिंताजनक हैं। ऐसे लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाना चाहिए, लेकिन इस मामले का राजनीतिकरण करना भी उचित नहीं है।

# ट्रंप ने तेल कंपनियों को धमकाया

**● तत्काल पेट्रोल की कीमत कम करने की हिदायत**

### दाम घटने के बाद महंगा क्यों बेचा जा रहा है



**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पेट्रोल बेचने वाली कंपनियों से तुरंत पेट्रोल के दाम घटाने को कहा है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि कच्चे तेल की कीमत घटकर 68 डॉलर प्रति बैरल रह गई है, लेकिन इसका फायदा ग्राहकों तक नहीं पहुंच रहा। उन्होंने कहा कि लोग अब भी जरूरत से ज्यादा कीमत चुका रहे हैं, जबकि तेल लगातार सस्ता हो रहा है। उन्होंने कंपनियों से पेट्रोल की कीमत करीब 2.50 डॉलर प्रति गैलन तक लाने की अपील की। ट्रम्प ने कहा कि ग्राहकों से जरूरत से ज्यादा पैसे वसूलना गैरकानूनी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कंपनियों ने जल्द दाम नहीं घटाए तो उन्हें बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इससे पहले ट्रम्प अमेरिकी न्याय विभाग को बड़ी तेल कंपनियों की जांच के आदेश भी दे चुके हैं। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ने के बाद तेल की कीमतों में उछाल आया था। अब कच्चे तेल की कीमतें घट गई हैं, लेकिन पेट्रोल-डीजल अब भी महंगा बिक रहा है।

# मुसलमानों को केवल दरी बिछाने के लिए रखा है!

## कांग्रेस ने इस्तेमाल किया और सपा ने गुलाम बनाया : ओवैसी



**● भाजपा के खिलाफ किसी भी पार्टी से कर सकते हैं गठबंधन**

**बिजनौर।** बिजनौर जिले के नजीबाबाद में एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि 70 साल से राजनीतिक दलों ने मुसलमानों को नेतृत्व नहीं दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा को सत्ता से रोकने के लिए उनकी पार्टी किसी भी दल से गठबंधन करने को तैयार है। उन्होंने मुसलमानों से जागरूक होने का आह्वान किया। सोमवार रात आजाद चौक के निकट जनसभा में ओवैसी ने आरोप लगाया कि राजनीतिक दलों ने मुसलमानों को केवल वोट की राजनीति और दरी बिछाने तक सीमित रखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा मुसलमानों को टिकट नहीं देती, जबकि सपा ने उन्हें गुलाम बनाकर रखा है। उन्होंने मुसलमानों से कहा कि यदि वे केवल वोटर बनकर रहेंगे तो उनके बच्चों का भविष्य नहीं संवरेगा और बुजुर्गों के लिए अस्पताल भी नहीं बनेंगे। भाजपा पर सांप्रदायिक राजनीति करने का आरोप लगाते हुए ओवैसी ने कहा कि 200 साल पहले मस्जिदें थीं, थाने नहीं थे। उन्होंने आरोप लगाया कि संभल की मस्जिद को शहीद कर दिया गया है और अब अन्य मस्जिदों को भी नोटिस दिए जा रहे हैं। ओवैसी ने कहा कि वह बिजनौर और नजीबाबाद में लोगों को नेता बनाने आए हैं। इस दौरान उन्होंने नजीबाबाद के विधायक पर भी कटाक्ष किया। जनसभा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. मेहताब चौहान ने भी संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा हमेशा मुसलमानों के वोट की राजनीति करती रही है और अब उसे छोड़ने का समय आ गया है।

## खान सर की अग्रिम जमानत पर 3 जुलाई को होगी सुनवाई

**पटना।** राजधानी के मुसल्लहपुर हाट स्थित खान ग्लोबल स्टडीज के संचालक फैजल खान उर्फ खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर अब 3 जुलाई को सुनवाई होगी। पटना सिविल कोर्ट ने मामले में खान सर के दोनों निजी सुरक्षा गार्डों के हथियारों के लाइसेंस की वैधता से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोचिंग विवाद से जुड़े इस मामले की सुनवाई के दौरान सरकारी पक्ष ने अदालत को बताया कि 2 जून की रात हुई घटना में खान सर के दोनों गार्ड अवैध हथियार लेकर मौजूद थे और दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग की गई थी। वहीं, खान सर की ओर से पेश अधिवक्ता ने सरकारी पक्ष के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि दोनों सुरक्षा गार्डों के हथियार पूरी तरह लाइसेंसी हैं।




जनमुख City हिन्दी दैनिक लाइव
● तापमान अधिकतम : 44.0°C
● तापमान न्यूनतम : 27.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 30 जून, मंगलवार, 2026 (3)





महेश नवमी पर मंडुआडीह स्थित होटल में माहेश्वरी महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी व अन्य।

# पेट पर लात मत मारिये साहब

## नॉनवेज की दुकानें शहर के बाहर करने के खिलाफ निगम पर प्रदर्शन




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी नगर निगम द्वारा शहर की मीट, मछली एवं मुर्गा दुकानों को नगर सीमा से 10–15 किलोमीटर दूर स्थानांतरित करने के निर्णय के विरोध में आज 30 जून को नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। मीट मछली बेचकर आजीविका चलाने वाले सैकड़ों महिला पुरुष सिगरा परिक्षेत्र में मार्च निकालकर नगर आयुक्त को आज ज्ञापन पत्र सौंपे। पैदल मार्च, प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के कार्यक्रम में सपा कांग्रेस आम आदमी पार्टी वामपंथी दलों के साथ ही बनारस के सामाजिक राजनैतिक संगठन बड़ी संख्या में मीट मछली बेचने वालों के साथ शामिल हुए। प्रदर्शन में शामिल चौकाघाट मछली मंडी के दिनेश चौहान ने कहा कि नगर निगम का यह फैसला किसी व्यापारिक व्यवस्था का विषय नहीं है, बाल्कि हजारों छोटे दुकानदारों, कामगारों और उनके परिवारों की आजीविका पर सीधा हमला है। एक लाख से ज्यादा की संख्या में बनारस में रहने वाले बंगाली समुदाय से शामिल एक शहरवासी ने बताया कि मछली दुकानों को हटाने से शहर के लाखों उपभोक्ताओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। मीट या मछली खरीदने के लिए बनारस के बाशिंदों को कई किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ेगी। मार्च में पंहुचे शिवपुर मंडी के अवधेश पटेल ने बोला कि स्वच्छता के नाम पर छोटे कारोबारियों को शहर से बाहर किया जा रहा है, जबकि बड़े मॉल, होटल, रेस्टोरेंट

**● समर्थन में उतरे कई सियासी संगठनों ने निकाला पैदल मार्च, नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन**

और ऑनलाइन कंपनियों पर ऐसी कोई पाबंदी नहीं लगाई जा रही। कांग्रेस पार्टी की ओर से बात रखते हुए महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा कि वाराणसी सदियों से विविध संस्कृतियों, समुदायों और खान-पान की परंपराओं वाला शहर रहा है। किसी एक विचारधारा के आधार पर लोगों की भोजन संबंधी पसंद और रोजगार के अधिकारों पर प्रतिबंध लगाना शहर की बहुसांस्कृतिक पहचान और संविधान की भावना के विपरीत है।





## काशी से अमरनाथ के लिए पहला जत्था रवाना



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बाबा बर्फानी के पवित्र दर्शन के लिए अमरनाथ यात्रा शुरू होते ही धर्मनगरी काशी से श्रद्धालुओं का पहला जत्था रविवार को रवाना हो गया। काशी विश्वनाथ सेवा समिति के तत्वावधान में सेवादारों और श्रद्धालुओं का पहला दल वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन से हावड़ा-अमृतसर मेल के माध्यम से कश्मीर के लिए प्रस्थान किया। काशी विश्वनाथ सेवा समिति पिछले 26 वर्षों से अमरनाथ यात्रियों की सेवा में जुटी हुई है। समिति की ओर से यात्रा के दौरान लगभग 300 श्रद्धालुओं के रहने, भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जाती है। इस वर्ष भी समिति द्वारा बड़ी संख्या में यात्रियों को दर्शन कराने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। समिति के इस सेवा अभियान को जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों का भी सहयोग मिल रहा है। आयोजन में महापौर अशोक तिवारी, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, मंत्री डा. दयाशंकर मिश्रा 'दयालु', शांति लाल जैन सहित कई गणमान्य लोगों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। वहीं श्रद्धालुओं के लिए पान और मिठाई की व्यवस्था छक्कन दादा, राजेश चौरसिया और नंदनी परिवार की ओर से की जाएगी।

## रिटायर्ड IAS-IPS की निगरानी में 68 केंद्रों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा



**वाराणसी।** चार साल बाद 2 से 4 जुलाई को होने जा रही उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी-टीईटी) 2026 रिटायर आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की निगरानी में होगी। इस परीक्षा के लिए जिले में 68 केंद्र बनाए गए हैं। इसमें तीन दिनों में 160379 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। शुरुआती दो दिन दो और अंतिम दिन एक पाली में परीक्षा होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक भोलेंद्र प्रताप सिंह मंगलवार को इस परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा किए। साथ ही कक्ष निरीक्षकों को ड्यूटी के बारे में ब्रीफ भी किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि नकलविहीन और शुचितापूर्ण परीक्षा कराने के लिए उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने अनुभवी प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को पर्यवेक्षक के रूप में लगाया है। परीक्षा के लिए प्रत्येक जिले में एक-एक पर्यवेक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। चयन आयोग के कुछ सदस्य भी पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि तीन दिन होने वाली

**● जिला विद्यालय निरीक्षक ने तैयारियों को परखा**

परीक्षा में 2 जुलाई को प्रत्येक पाली में 33139, तीन जुलाई को 33140 और चार जुलाई को 27821 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने के लिए पंजीकृत हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि इस परीक्षा में उत्तर पत्रक में भरी गई सूचनाओं को व्हाइटनर, ब्लेड या रबर से मिटाना प्रतिबंधित है।

## विश्वकर्मा मार्शल आर्ट्स के पांच प्रतिभागियों को मिला ब्लैक बेल्ट



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विश्वकर्मा मार्शल आर्ट्स दानियालपुर, सोनातलाब के द्वारा 28 जून रविवार को कॉम्बैट कराटे में 5 सीनियर बच्चों को ब्लैक बेल्ट प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि प्रो0 सुनील कुमार विश्वकर्मा (विभागाध्यक्ष, ललित कला विभाग) डॉ मेजर अरविंद कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह (कारगिल योद्धा) व स्थानीय पार्षद जितेंद्र कुशवाहा द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था के निदेशक रमाशंकर विश्वकर्मा ने अपनी संस्था के बारे में सभी को विस्तार से बताया। संस्था के उपाध्यक्ष गोविंद विश्वकर्मा ने कराटे ट्रेनिंग के अंतर्गत बच्चो द्वारा किये गए कठिन परिश्रम से सभी को अवगत कराया। सीनियर खिलाड़ियों ने सभी के सम्मुख अपनी विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन बखूबी किया। विश्वकर्मा मार्शल आर्ट्स के सीनियर खिलाड़ी पलक विश्वकर्मा, साधना गुप्ता, खुशी राजभर, करन भारद्वाज व रेहान अंसारी को समस्त अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से ब्लैक बेल्ट व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

## दिवंगतात्माओं की शांति के लिए सुन्दरपाठ



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** देश में आए दिन घटनाओं में मृत हुए लोगों के आत्मा शांति और लोक कल्याण के उद्देश्य के लिए आज क्षेत्रीय नागरिक सेवा समिति के तत्वावधान में दुःख हरण हनुमान मंदिर नरिया के प्रांगण में सुंदरकांड का पाठ किया गया और प्रसाद स्वरूप खिचड़ी वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । क्षेत्रीय नागरिक सेवा समिति के सचिव वरुण सिंह ने बताया लखनऊ में होनहारों की मौत हो या उत्तराखंड सहित अन्य प्रदेशों को दैविक आपदाओं या घटनाओं में जो जान की क्षती होती है उससे हम काशीवासी चिंतित हैं। आज मृतकों के आत्मा शांति के लिए प्रार्थना और देशवासियों के मंगलकामना के लिए सुंदरकांड पाठ का आयोजन हो रहा है। समिति के अध्यक्ष अशोक पटेल ने कहा यह कार्यक्रम हर माह के अंतिम शनिवार को हमेशा आयोजित होता रहेगा। समिति के उपाध्यक्ष हरिशंकर मिश्रा मंचल ने कहा ऐसे धार्मिक आयोजन से हम सब लोककल्याण की भावना से लोगों का मंगल की कामना करते हैं।

## रोटरी क्लब ग्रेटर ने किया नव विद्यालय भवन का लोकार्पण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रोटरी क्लब वाराणसी ग्रेटर एवं इनरव्हील क्लब वाराणसी ग्रेटर के संयुक्त तत्वावधान में ब्रह्मर्षि बलदेव विद्या मंदिर में नव-निर्मित 8 शिक्षा कक्षों वाले विद्यालय भवन का लोकार्पण संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ0 आशुतोष अग्रवाल थे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में नामित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो0 दिनेश गर्ग, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो0 उत्तम अग्रवाल एवं रो0 सुनील बंसल, तथा डिस्ट्रिक्ट रीजनल हेड रो0 अनिल जाजोदिया उपस्थित रहे। क्लब अध्यक्ष रो0 संदीप प्रहलादका ने विद्यालय भवन निर्माण में सहयोग प्रदान करने वाले सभी दानदाताओं एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। इनरव्हील क्लब वाराणसी ग्रेटर की अध्यक्ष संगीता अग्रवाल ने कहा कि यह भवन शिक्षा एवं सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन निवर्तमान अध्यक्ष रो0 विपुलशंकर पंड्या ने किया।

## आदिवासी महिलाओं ने पहली बार देखी काशी

**वाराणसी।** यूपी की 40 आदिवासी महिलाओं ने पहली बार शहर देखा। वाराणसी जोन के DIG वैभव कृष्ण ने उन्हें बनारस शहर घुमाया और मंदिरों के दर्शन भी करवाए। महिलाएं वाराणसी से 95 किमी दूर पंडी गांव की रहने वाली हैं। ये गांव चंदौली जिले में है, जो मुख्यालय से करीब 45 किमी दूर पहाड़ और जंगलों से घिरा है। महिलाओं को गांव से बनारस शहर लाने के लिए बस का इंतजाम किया गया था।

## सूर्य कुण्ड और आदित्य मंदिर के बहुरेंगे दिन, करोड़ों की लागत से होगा कायाकल्प

**● मंत्री ने किया भूमि पूजन**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रदेश सरकार के स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल ने रविवार को उत्तरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देते हुए पर्यटन एवं आवास विकास विभाग की दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने पर्यटन विभाग की ओर से 1 करोड़ 8 लाख रुपये की लागत से उत्तरार्क आदित्य सूर्य मंदिर एवं सूर्यकुण्ड बकरियाकुंड के समग्र विकास कार्य का भूमि पूजन कर विधिवत शुभारंभ किया। इसके साथ ही आवास विकास विभाग द्वारा अवस्थापना निधि योजना के अंतर्गत 20.84 लाख रुपये की लागत से वार्ड अलईपुरा में धूरे सोनकर के मकान से शैलपुत्री चौराहे तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया।

जनमुख
परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

## कन्हैया सिंह की पुण्य तिथि पर लगा रक्तदान शिविर

**● 58 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान**




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** कन्हैया सिंह मेमोरियल फाउंडेशन एवं वाराणसी युवा व्यापार मंडल के के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को संस्था के प्रणेता स्व. कन्हैया सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। लहुराबीर स्थित आईएमए में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वाराणसी शहर दक्षिणी विधानसभा के विधायक डॉ नीलकण्ठ तिवारी उपस्थित रहे। शिविर में रिकॉर्ड संख्या में 58 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। समारोह के दूसरे चरण में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट, निस्वार्थ एवं अनुकरणीय योगदान देने के लिए प्रेमचंद मार्गदर्शन केंद्र ट्रस्ट, लमही के राजीव गोंड को सम्मानित करने के लिए 'कन्हैया सिंह कर्मयोगी पुरस्कार' प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ नीलकण्ठ तिवारी ने चयनित कर्मयोगी को अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न भेंट कर पुरस्कृत किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ने कहा कि भविष्य में भी जनहित और सामाजिक उत्थान के लिए ऐसे शिविरों का आयोजन जारी रहेगा।

## शहर के 364 नाले साफ, जलभराव से मिलेगी मुक्ति



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** शहर में कुल 386 छोटे-बड़े नालों में से 364 नालों की सिल्ट सफाई गाद निस्तारण का कार्य पूरा हो चुका है। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने अवशेष नालों की सफाई के लिए तीन दिनों का अल्टीमेटम दिया है । निगम की तैयारी को देखते हुए इस बार शहर वासियों को जलजमाव की भीषण समस्या से बड़ी राहत मिलने जा रहा है। नगर निगम में नालों की सफाई की जिम्मेदारी दो विभागों पर है । इसमें स्वास्थ्य विभाग के अधीन 258 छोटे व मझले नाले तथा सामान्य अभियंत्रण इंजीनियरिंग विभाग के अधीन 128 बड़े नाले शामिल है । स्वास्थ्य विभाग ने 15 मीटर से लेकर सात किलोमीटर 7000 मीटर तक की लंबाई वाले कुल 258 छोटे और बड़े नालों को तली झाड़ सफाई करीब 97 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है । करीब 250 नालों को पूरी तरह साफ कराया जा चुका है।

## महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिया चुनाव में सक्रियता का मंत्र

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** महेश नवमी सप्ताह 2026 के अंतर्गत अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शुक्रवार को वाराणसी पहुंचे। इसी क्रम में महासभा के सभापति संदीप काबरा एवं महामंत्री अजय काबरा ने भी मंडुआडीह के एक होटल आयोजित कार्यक्रमों में समाज बंधुओं को संबोधित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आयोजित कार्यक्रम में आगामी संगठनात्मक चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, 'आगामी चुनाव केवल पद का नहीं, जिम्मेदारी का चुनाव है। युवाओं और महिलाओं को आगे आकर नेतृत्व संभालना होगा।'

## लाईन लॉस में सुधार नहीं तो कार्यवाही तय



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में विद्युत वितरण डिवीज़नवार एवं फीडरवार लाइन लॉस में कमी लाने और सुधारात्मक करवाई की समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकतम लाइन लॉस की फ़ीडरवार जानकारी ली। उन्होंने सभी ज़िम्मेदार अधिकारियों से इस संबंध में अब तक की कार्यवाही के साथ ही

**● डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को दी चेतावनी**

लाइन लॉस का कारण सहित रिपोर्ट अगले पंद्रह दिनों में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि अगले पंद्रह दिनों में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सुल्तानपुर समाचार

### हाईवे पर टेंपो से गिरे भदोही के युवक की मौत

**चांदा।** लखनऊ- वाराणसी हाईवे पर बैंतीकला टोल प्लाजा के पास सोमवार दोपहर चलती टेंपो से गिरकर भदोही के डरवासी निवासी अरबाज (30) की मौत हो गई। वह अपनी ससुराल से घर जाने के लिए पत्नी बानो के साथ टेंपो से निकले थे। उन्हें ढकवा से बस पकड़ना था। इसी बीच रास्ते में दुर्घटना हो गई। मृतक की पत्नी ने बताया कि उनका विवाह अरबाज से गत 13 फरवरी को हुआ था। विवाह के बाद वह करीब दो माह से अपनी पत्नी के साथ ससुराल कोतवाली देहात के झलियावां गांव में रह रहे थे। सोमवार दोपहर पति-पत्नी भदोही जाने के लिए घर से निकले थे। ढकवा से उन्हें आगे जाने के लिए बस पकड़ना था। रास्ते में बैंतीकला टोल प्लाजा के पास अरबाज चलती टेंपो से नीचे गिर पड़े। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पीपी कमैचा सीएचसी पहुंचाया गया। वहां पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत से पत्नी का रोरोकर बुरा हाल है। चांदा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राज कुमार वर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### सर्पदंश से 13 वर्षीय किशोर की मौत

**वलीपुर।** बल्दीराय क्षेत्र के नंदौली गांव में रविवार रात सर्पदंश से 13 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। नंदौली निवासी अकलीम खान का पुत्र अमान खान (13) रविवार रात घर की छत पर सोने गया था। परिजनों के मुताबिक, सोते समय सांप ने उसे डस लिया। कुछ देर बाद हालत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर बल्दीराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। ग्रामीणो के मुताबिक परिजन किशोर को पहले घर लेकर आए, लेकिन हालत में सुधार न होने पर दोबारा मेडिकल कॉलेज ले जाने लगे। इसी दौरान रास्ते में अमान ने दम तोड़ दिया।

## मऊ समाचार

### सगी बहनों की डूबने से मौत के बाद माता-पिता से मिले विधायक

**मऊ।** मधुबन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गजियापुर में 24 जून को घाघरा नदी में डूबने से दो सगी बहनों की हुई दर्दनाक मौत के बाद सोमवार को मधुबन विधायक रामबिलास चौहान ने परिजनों से मुलाकात की। विधायक ने परिजनों से घटना की पूरी जानकारी ली और कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत बच्चियों की आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों से भी बातचीत कर पीड़ित परिवार को शासन द्वारा मिलने वाली सभी आर्थिक सहायता और अन्य सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और हर संभव मदद सुनिश्चित की जाएगी।

## चंदौली समाचार

### शिक्षक पात्रता परीक्षा की तैयारी पूरी, 12 केंद्रों पर 25,560 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा



**चंदौली।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 को शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जनपद में दो, तीन और चार जुलाई को पांच पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 25,560 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रत्येक पाली में 5,112 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा सोमवार को जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग और पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में की गई। अधिकारियों को परीक्षा की शुचिता, सुरक्षा और समयबद्ध संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनपद में एक केंद्रीय रेलवे इंटर कॉलेज (श्रेणी-ए) तथा 11 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों (श्रेणी-बी) को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। दो और तीन जुलाई को परीक्षा दो-दो पालियों में तथा चार जुलाई को एक पाली में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। परीक्षा संचालन के लिए अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रतन वर्मा को नोडल अधिकारी (प्रशासन) तथा अपर पुलिस अधीक्षक (सदर) को नोडल अधिकारी (पुलिस) बनाया गया है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक-एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट और प्रश्नपत्रों की सुरक्षित ढुलाई के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

## भदोही समाचार

### बीमारी से घबराएं नहीं कराए उपचार : डॉ. अभिनव

**ज्ञानपुर।** महाराजा चेतसिंह जिला चिकित्सालय में सोमवार को मानसिक प्रकोष्ठ विभाग की तरफ से स्वास्थ्य जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 58 मरीजों का उपचार किया। मरीज, तीमारदारों को बीमारी से बचाव के मंत्र दिए गए।

बीमारी के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में बताया गया। मनोचिकित्सक डॉ. अभिनव पांडेय ने बताया कि शिविर में नये पुराने कुल 58 मरीज पहुंचे। जिन्हें जांच करके दवा दी गई।

बताया नींद न आना, रात में बार बार पसीना होना, घबराहट होना, एक ही विषय पर अत्यधिव सोचना, परिवारिक उलझन आदि मानसिक बीमारी के लक्षण है।

मानसिक बीमारी से घबराने की जरूरत नहीं है, कुछ समय तक दवा चलती है, उसके बाद आराम मिल जाता है। मौके पर अशोक परासर सहित अन्य मौजूद रहे।

## प्रयागराज समाचार

### तीन साल की मासूम के साथ दुष्कर्म और हत्या के दोषी को फांसी की सजा



**प्रयागराज।** जिला अदालत ने तीन साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के दोषी को फांसी की सजा सुनाई है। यह आदेश अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पॉस्को एक्ट विनोद कुमार चौरसिया ने दिया।

आरोपी गगन कुमार के खिलाफ हंडिया थाने में हत्या और दुष्कर्म के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई थी। घटना 12 जून 2020 की शाम की है। मासूम के पिता ने आरोप लगाया था कि आरोपी गगन कुमार जो कि रिश्ते में भाई लगते हैं उनका लड़का है। मासूम को मिठाई दिलाने के बहाने अपने साथ ले गया। रात नौ बजे घर लौटने पर बच्ची नदारद मिली। खोजबीन के बाद गगन के घर के पास सेम के पेड़ के नीचे बच्ची बेसुध अवस्था में मिली थी। वह दम तोड़ चुकी थी।बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने साक्ष्यों को अपर्याप्त बताते हुए आरोपी को कम से कम सजा देने मांग की। बचाव पक्ष ने अदालत में कोई गवाह पेश नहीं किया। शासकीय अधिवक्ता विनय कुमार त्रिपाठी ने 13 गवाहों की गवाही, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट, डीएनए एवं फोरेंसिक साक्ष्यों को अदालत में पेश किया। शासकीय अधिवक्ता ने दलील दी कि यह जघन्यतम अपराध है। आरोपी ने पारिवारिक विश्वास का फायदा उठाकर मासूम के साथ दरिंदगी की और उसकी हत्या कर दी। इसलिए फांसी की सजा दी जानी चाहिए। अदालत ने मामले को दुर्लभतम की श्रेणी में मानते हुए दुष्कर्म और हत्या दोनों में फांसी की सजा सुनाई।

## मीरजापुर समाचार

### दानवीर भामाशाह की जयन्ती के अवसर पर व्यापारी कल्याण दिवस का किया गया आयोजन



**मीरजापुर।** विकास भवन सभागार में राज्य कर विभाग द्वारा दानवीर भामाशाह की जयन्ती के अवसर पर व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मा0 विधायक सदर रत्नाकर मिश्रा, विशिष्ट अतिथि मा0 विधायक मझवां शुचिस्मिता मौर्य के अतिरिक्त दिनेश कुमार दूबे, संयुक्त आयुक्त राज्य कर, मीरजापुर के अतिरिक्त व्यापार मण्डल के प्रतिनिधि शत्रुधन केशरी तथा आशीष बुधिया के अतिरिक्त राज्य कर विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा जनपद के सम्मानित व्यापारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर विशाल कुमार द्वारा की गयी।

कार्यक्रम का शुभारंम मा0 विधायक सदर रत्नाकर मिश्र, मा0 विधायक मझवां सुचिस्मिता मौर्य ने दीप प्रज्ज्वलित एवं दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। श्री अन्जेश बरनवाल, उपायुक्त राज्य कर तथा संदीप कुमार, उपायुक्त उद्योग द्वारा व्यापारी कल्याण दिवस के सम्बन्ध में संक्षिप्त परिचय देते हुए जनपद में उद्योग तथा व्यापार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। शत्रुधन केशरी तथा आशीष बुधिया द्वारा सभा में जनपद के व्यापारियों की ओर से सरकार द्वारा निरन्तर कराये जा रहे विकास कार्यो हेतु सरकार का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जनपद में एक नवीन औद्योगिक आस्थान के निर्माण का सुझाव दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सम्मानित व्यापारियों को मा0 विधायक सदर रत्नाकर मिश्र ने सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों का समर्पण, परिश्रम एवं राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी सम्मानित व्यापारियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ।

## आजमगढ़ समाचार

### सुबह दिल्ली से घर लौटा युवक शाम को सड़क हादसे में मौत



**बरदह।** दीदारगंज थाना क्षेत्र में रविवार की शाम को सरायमीर-दीदारगंज मार्ग पर मीर अहमदपुर तिलक स्थित पंचायत भवन के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से पुष्पनगर निवासी सुरजीत गौतम (22) की मौत हो गई। युवक रविवार की सुबह दिल्ली से घर लौटा था।

थानाध्यक्ष जय प्रकाश यादव ने बताया कि सुरजीत गौतम शाम को पैदल पुष्पनगर सोसायटी से हैदराबाद की ओर जा रहे थे। सरायमीर-दीदारगंज मार्ग पर मीर अहमदपुर तिलक स्थित पंचायत भवन के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वे लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गए।

## गोरखपुर समाचार

### रेनकोट-दुपट्टे से ढककर बच्चों को स्कूल लेकर पहुंचे पैरेंट्स

**गोरखपुर।** आखिरकार मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी, उमस और तेज धूप से परेशान लोगों को अब राहत मिलने लगी है। मंगलवार सुबह से ही शहर का मौसम पूरी तरह बदला हुआ नजर आया। सुबह होते ही आसमान पर काले बादलों ने डेरा डाल दिया और रुक-रुक कर गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई।

बारिश के चलते सड़कों पर गर्मी का असर कम हो गया और पूरे शहर में ठंडक का एहसास बना रहा। वहीं सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों को चुनौती का सामना करना पड़ा। बारिश से बचाने के लिए पैरेंट्स बच्चों को रेनकोट, छतरी और दुपट्टे से ढककर स्कूल लेकर पहुंचे। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को भी दिनभर बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के



अनुसार गोरखपुर का अधिकतम तापमान मंगलवार को करीब 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। सुबह से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला पूरे दिन जारी रह सकता है। बीच-बीच में हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक की संभावना बनी हुई है। लगातार बादल छाए रहने से तेज धूप निकलने की संभावना कम है, जिससे लोगों को उमस से राहत मिलेगी। मौसम वैज्ञानिक डॉ. कैलाश पांडेय के अनुसार मानसून की उत्तरी सीमा फिलहाल गुजरात, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार और नेपाल सीमा तक पहुंच चुकी है। गोरखपुर समेत पूरे पूर्वांचल में अगले दो दिनों के दौरान मानसून के तेजी से आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल हैं। बंगाल की खाड़ी से लगातार नमी मिलने और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण बारिश की गतिविधियां तेजी से बढ़ेंगी। यही वजह है कि गोरखपुर में अब लगातार बारिश का सिलसिला देखने को मिलेगा।

भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने गोरखपुर समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों के लिए 1 जुलाई को भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। ऐसे में लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले मैदान, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने की अपील की गई है।

## देवरिया समाचार

### संदिग्ध हालात में दो भाइयों की तबीयत बिगड़ी, एक की मौत

**बरहज।** पुराना बरहज वार्ड में संदिग्ध हालात में रविवार की रात दो भाइयों की तबीयत बिगड़ गई। सोमवार को केशव गोस्वामी की मौत हो गई। दूसरे भाई गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। बताया जा रहा है कि दो भाइयों के तय रिश्ते को लेकर घर में कुछ कहासुनी हुई थी। थोड़ी देर बाद विष्णु और केशव की तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन दो को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुराना बरहज निवासी राजकुमार गोस्वामी के पांच पुत्र हैं। तीसरे नंबर के विष्णु और चौथे नंबर के महेश की शादी तय है। विष्णु की हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने गोरखपुर रेफर कर दिया। सोमवार की सुबह केशव अस्पताल से घर आ गए। बताया जा रहा है कि केशव ने दोपहर बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## जौनपुर समाचार

### बारिश से पहले खुले मैनहोल और गड्ढों को करें दुरुस्त : डीएम

**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को उद्योग बंधु/व्यापार बंधु की बैठक हुई। डीएम सैमुअल पॉल एन. ने बारिश से पहले खुले मैनहोल, गड्ढों और जर्जर तारों पर तत्काल ठीक करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस काम में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। कहा कि जनसुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास और स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने बैंकों को पात्र युवाओं को ऋण वितरण में तेजी लाने को कहा। उन्होंने योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया। सतहरिया औद्योगिक क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या उठाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को कैपेसिटर बैंक स्थापित करने के निर्देश दिए। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को भी कहा गया।

## सोनभद्र समाचार

### भामाशाह जयंती पर कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ भव्य आयोजन, जनपद के 10 सर्वाधिक करदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट सभागार में वीर शिरोमणि दानवीर भामाशाह जी की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़, सदर विधायक श्री भूपेश चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री नंदलाल गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी प्रसाद, सम्मानित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जनपद के सर्वाधिक कर (टैक्स) जमा करने वाले 10 प्रतिष्ठित व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि ईमानदारी से कर अदा करने वाले व्यापारी राष्ट्र एवं जनपद के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। सदर विधायक श्री भूपेश चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि भामाशाह का त्याग, राष्ट्रभक्ति और समर्पण भारतीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने अपना सर्वस्व महाराणा प्रताप और राष्ट्र की रक्षा के लिए समर्पित कर अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिससे आज की पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने कहा कि भामाशाह का जीवन सेवा, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रहित का प्रतीक है। उन्होंने सम्मानित करदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि करदाताओं के योगदान से ही विकास कार्यों को गति मिलती है और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो पाता है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री नंदलाल गुप्ता ने भामाशाह के आदर्शोंको अपनाने का आह्वान किया, जबकि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी प्रसाद ने उनके जीवन, व्यक्तित्व एवं समाज के प्रति योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित करदाताओं को बधाई देते हुए उनके योगदान की सराहना की गई। इस दौरान सासंकृतिक विभाग द्वारा करमा नृत्य की सुन्दर प्रस्तुति की गयी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्री रमेश कुमार, श्री सुनिल कुमार संयुक्त आयुक्त राज्य कर, श्री रितेश मिश्र उपायुक्त प्रशासन राज्य कर, श्री योगेश द्विवेदी उपायुक्त राज्य कर, श्री विकास कृष्ण बन्सरा उपायुक्त राज्य कर, श्री मो0 जुनैद व व्यापारी बन्धु उपस्थित रहें।

## गाजीपुर समाचार

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान कल से लापरवाही पर होगी कार्रवाई : डीएम

**गाजीपुर।** जिले में एक जुलाई से शुरू होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित निर्वतन कक्ष में जिलास्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की दूसरी बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने की। उन्होंने अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को माइक्रोप्लान के अनुसार शत-प्रतिशत कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, विशेषकर उच्च जोखिम वाले इलाकों में साफ-सफाई, जलभराव की रोकथाम, नालियों की सफाई, एंटी लार्वा छिड़काव और फॉगिंग का कार्य प्रभावी ढंग से कराया जाए।

## बलिया समाचार

### हैंडपंप में उतरा करेंट, जद में आई मां, बचाने दौड़ी बेटी, दोनों की मौत



**सिकंदरपुर (बलिया)।** थाना क्षेत्र के डूहा बिहरा गांव में सोमवार की शाम मां-बेटी करेंट लगने से झुलस गईं। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और सीएचसी सिकंदरपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। डूहा बिहरा गांव निवासी राकेश सिंह की पत्नी बीना सिंह (45) सोमवार की शाम घर के पास लगे हैंडपंप से पानी भर रही थीं। बताया जा रहा है कि हैंडपंप में सबमर्सिबल लगा हुआ था। इसी दौरान किसी कारणवश हैंडपंप में करेंट उतर आया और बीना सिंह उसकी चपेट में आ गईं। मां को करेंट से तड़पता देख उनकी 20 वर्षीय पुत्री काजल उन्हें बचाने के लिए दौड़ी, लेकिन वह भी करेंट की चपेट में आ गई। यह दृश्य देखकर छोटी बेटी सुमन ने शोर मचाया। घटना की सूचना मिलते ही सिकंदरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने बताया कि काजल की शादी ताड़ीबड़गांव निवासी युवक से तय हुई थी। 9 फरवरी का विवाह होना था। घर में खुशियों का माहौल था। बीना सिंह के तीन पुत्र ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, दीपेंद्र सिंह और धीरेंद्र प्रताप सिंह हैं। काजल के अलावा पुत्री सुमन है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे पुत्र धीरेंद्र प्रताप सिंह बेसुध नजर आए। बीना के पति राकेश सिंह इलाहाबाद में ठेकेदारी करते हैं। करीब एक वर्ष पूर्व वह भी सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे और अभी उनका उपचार चल रहा है।

### लोकतंत्र रक्षक सेनानी को अंतिम विदाई दी

**सुखपुरा (बलिया)।** लोकतंत्र रक्षक सेनानी एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व जिला मंत्री रहे कॉमरेड दीनानाथ सिंह का रविवार की रात उनके पैतृक आवास सुखपुरा में निधन हो गया। सोमवार सुबह उनके आवास पर प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वे सुखपुरा इंटर कॉलेज के प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष भी रहे। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस बल ने दिवंगत लोकतंत्र रक्षक सेनानी को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानपूर्वक अंतिम सलामी दी। तहसील प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार रजनीश सिंह तथा लेखपाल कुबेर यादव ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी।

## लाइफ मंत्र

### रथयात्रा से पहले क्यों होता है भगवान जगन्नाथ का महास्नान? जानिए देव स्नान पूर्णिमा का रहस्य




उड़ीसा में स्थित प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर में हर साल रथ यात्रा शुरू होने से पहले भगवान जन्ननाथ और उनके दोनों भाई -बहन बालभद्र और सुभद्रा को 108 कलशों के पवित्र जल से स्नान करवाया जाता है।

इस अनोखी और अद्भुत परंपरा के लिए भी जन्ननाथ मंदिर को जाना जाता है। हर साल आषाढ़ मास में होने वाली भव्य रथयात्रा से ठीक पहले, ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा को एक बेहद महत्वपूर्ण उत्सव मनाया जाता है, जिसे देव स्नान पूर्णिमा या स्नान यात्रा कहते हैं। इस दिन भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा तीनों भाई बहनों को मंदिर से बाहर लेकर आया जाता है और पूरे विधि-विधान के साथ उनका महास्नान किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि रथयात्रा से पहले यह महास्नान क्यों कराया जाता है और इसके पीछे क्या रहस्य छुपा है।

**तो आइए जानते हैं इस मान्यता के बारे में-**

क्यों होता है यह महास्नान? स्कंद पुराण के अनुसार, ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा के दिन ही राजा इंद्रद्युम्न ने पुरी के इस पावन मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी की लकड़ी की मूर्तियों को पहली बार स्थापित करवाया था। इसलिए, इस दिन को महाप्रभु जगन्नाथ का 'प्राकट्य दिवस' यानी जन्मदिन माना जाता है। हिंदू परंपरा में जन्मदिन पर विशेष अभिषेक और स्नान कराने की परंपरा है, इसी वजह से इस दिन भगवान का शाही महास्नान होता है। व्यावहारिक और मानवीय भाव के अनुसार, ज्येष्ठ का महीना साल का सबसे गर्म महीना माना जाता है। भगवान जगन्नाथ को उनके भक्त 'मानवीय रूप' में पूजते हैं। वे भी इंसानों की तरह ही सुख-दुख और ऋतु परिवर्तन का अनुभव करते हैं। इसलिए, ज्येष्ठ की चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी से भगवान को शीतलता प्रदान करने के लिए इस भव्य स्नान का आयोजन किया जाता है।

**महास्नान के बाद भगवान का बीमार होना और 15 दिनों का रहस्य**

देव स्नान पूर्णिमा के रहस्य का सबसे दिलचस्प हिस्सा इसके बाद शुरू होता है। कड़े पहरे और शीतल औषधीय जल से स्नान करने के बाद, इंसानों की तरह ही महाप्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को तेज बुखार आ जाता है। बीमार होने के कारण भगवान को तुरंत एक गुप्त विश्राम कक्ष में ले जाया जाता है, जिसे 'अनासर घर' कहते हैं। आज रात से ही मंदिर के कपाट आम जनता के लिए बंद हो जाते हैं और अगले 15 दिनों तक भगवान पूरी तरह एकांतवास में रहते हैं। इस अनासर काल' के दौरान भगवान को कोई 56 भोग या भारी भोजन नहीं दिया जाता। राजवैद्य की देखरेख में उन्हें केवल विशेष काढ़ा, जड़ी-बूटियां और औषधीय तेल चढ़ाया जाता है। वे केवल फल का रस ग्रहण करते हैं। ठीक 15 दिनों के बाद, जब भगवान का बुखार पूरी तरह उतर जाता है, तो वे आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने 'नव यौवन रूप' में भक्तों को दर्शन देते हैं और फिर अपनी प्रसिद्ध रथयात्रा पर निकलते हैं।

## Google AI का बड़ा अपडेट: अब आपकी Photos-Voice पर भी रहेगी नजर, Privacy पर उठे सवाल



गूगल ने अपनी प्राइवेसी पॉलिसी में बड़ा बदलाव किया है, जिसके तहत अब AI ट्रेनिंग के लिए आपकी आवाज, फोटो और वीडियो जैसे मल्टीमीडिया डेटा को भी स्टोर किया जाएगा, हालांकि, यूजर्स गूगल माई एक्टिविटी सेटिंग्स में जाकर इस डेटा कलेक्शन को बंद कर सकते हैं। जबसे AI आया तबसे तकनीकी दुनिया में काफी बदलाव देखने को मिला है। जैसे-जैसे एआई का दायरा बढ़ता जा रहा है, वैसे ही कंपनियां पहले से अधिक डाटा को कलेक्ट करने में जुट गई है। इसी दौड़ में गूगल का नाम भी आ गया है। आपको बता दें कि, नई सेटिंग के जरिए केवल सर्च हिस्ट्री से ही नहीं, बल्कि गूगल लेंस, वॉइस सर्च और सर्च लाइव और अन्य सेवाओं के समय उपयोग होने वाली तस्वीरें, ऑडियो, वीडियो और दूसरी फाइलें भी सेव की जा सकती हैं। लेकिन इस बदलाव से यूजर प्राइवेसी को लेकर नई बहस शुरु हो चुकी है।

**अब कौन-सा डेटा स्टोर करेगा गूगल?**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गूगल अकाउंट्स में सर्च सर्विस हिस्ट्री नाम की नई सेटिंग जोड़ी जा रही है। इसके लिए कंपनी गूगल लेंस, सर्च लाइव, गूगल ट्रांसलेट स्पीकिंग प्रैक्टिस, वॉइस सर्च और अन्य सर्च सेवाओं के दौरान इस्तेमाल किए गए मीडिया को सेव कर सकती है। सिर्फ इसमें टेक्स्ट सर्च नहीं, बल्कि यूजर की तरफ से अपलोड की गई तस्वीरें, ऑडियो रिकॉर्डिंग, वीडियो, फाइल्स और AI या Search Service के साथ इंटरैक्शन के दौरान इस्तेमाल होने वाला मीडिया भी शामिल हो सकता है। वैस इस तरह की जानकारी स्वयं गूगल अपने यूजर्स को नोटिफिकेशन भेज रहा है।

**गूगल को ज्यादा डेटा की जरूरत क्यों पड़ रही है?**

- एआई मॉडल को बेहतर बनाने के लिए सबसे जरुरी है कि टेक्स्ट डेटा पर्याप्त नहीं होता। असल में तस्वीरें,वीडियो, आवाज और अन्य मल्टीमीडिया डेटा की मदद से AI वास्तविक दुनिया को बेहतर तरीके समझ पाता है।
- ऐसे में गूगल सहित कई AI कंपनियां अब मल्टीमॉडल डेटा पर ज्यादा फोकस कर रही हैं। गूगल के पास दुनिया का सबसे बड़ा यूजर बेस होने की वजह से उसे रोजाना मिलने वाला डेटा एआई ट्रेनिंग के लिए बड़ी ताकत देता है।

**प्राइवेसी को लेकर क्यों उठ रहे हैं सवाल**

- गूगल ने बताया कि नया डेटा कलेक्शन सर्च और एआई एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा।
- प्राइवेसी एक्सपर्ट्स के मुताबिक यूजर्स का पहले से ज्यादा मीडिया डेटा सेंटर होने से डेटा सुरक्षा और प्राइवेसी को लेकर चिंताएं बढ़ रही है।

**क्या इस डाटा शेयरिंग को ऑफ किया जा सकता है?**

हां बिल्कुल...आगर आप चाहते हैं, तो गूगल सर्च सर्विस आपके डाटा को सेव करें, तो आप सेटिंग की मदद से इसको बंद कर सकते हैं। बस आप इन जरुरी स्टेप्स को फॉलो करें-
- सबसे पहले गूगल माई एक्टिविटी ओपन करें।
- इसके बाद सर्च सर्विस हिस्ट्री का ऑप्शन चूज करें।
- अब सेव्ड मीडिया वाले बॉक्स को अनचेक कर दें।
- फिर सर्च सर्विस से जुड़े मीडिया डेटा को सेव नहीं करेगा।

क्या बदलेगा?
- जब आप नई सेटिंग को ऑन कर देंगे, तो गूगल पहले की तुलना में ज्यादा प्रकार का यूजर डेटा स्टोर कर पाएगा। लेकिन कंपनी यूजर्स को इस फीचर को नियंत्रित करने का ऑप्शन देता है।



# Vivo X Fold 6 ने मचाया तूफान! 200MP कैमरा और 7000mAh बैटरी वाला ये Foldable Phone है सबका बाप?

**वीवो ने चीन में अपना नया फोल्डेबल फोन Vivo X Fold 6 लॉन्च कर दिया है, जो 200MP Zeiss कैमरा, 7,000mAh की विशाल बैटरी और मीडियाटेक डाइमेंसिटी 9500 सुपर प्रोसेसर के साथ आया है। यह प्रीमियम फोन दमदार फीचर्स और स्पेसिफिकेशन्स के साथ फोल्डेबल स्मार्टफोन बाजार में नए रिकॉर्ड स्थापित कर रहा है।**

क्या आप भी काफी समय से नया स्मार्टफोन लेने की सोच रहे हैं? दरअसल, कुछ ही दिन पहले स्मार्टफोन कंपनी वीवो ने चीन में आयोजित अपने जून 2026 इवेंट में अपना नया और धांसू फोल्डेबल फोन Vivo X Fold 6 लॉन्च कर दिया है। बता दे कि, यह कंपनी की प्रीमियम X-सीरीज का लेटेस्ट बुक-स्टाइल फोल्डेबल फोन है। अगर आप भी फोल्डेबल स्टाइल वाला फोन सर्च कर रहे हैं, तो यह लेख आपके लिए है। इस स्मार्टफोन में जबरदस्त कैमरा, दमदार बैटरी और सबसे तेज प्रोसेसर है, वीवो के इस फोन ने कई नए रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। आइए आपको इस फोन के फीचर्स, स्पेसिफिकेशंस और प्राइस के बारे में विस्तार से बताते हैं।

**Vivo X Fold 6 के टॉप फीचर्स**

इस फोन के कई सारे टॉप फीचर्स है, बात करें बैटरी की तो इसमें 7,000mAh की बड़ी बैटरी (80W फास्ट चार्जिंग) है। इसके साथ ही Zeiss लेंस के साथ 200MP का मेन कैमरा है। Vivo X Fold 6 का प्रोसेसर दुनिया का लेस्ट 3nn मीडियाटेक डाइमेंसिटी 9500 सुपर है। फोन की डिस्प्ले 8.02-इंच की बड़ी मेन स्क्रीन (अंदर) और 6.51-इंच की बाहर की स्क्रीन है। वहीं, इसमें एंड्रॉयड 16 बेस्ड ओरिजिनओएस 6 फोल्ड है।

**फोन में दो बेहतरीन स्क्रीन्स मिलती हैं**

मेन डिस्प्ले (अंदर की तरफ)- इस फोन को खोलने पर 8.02-इंच की बड़ी सैमसंग M14 एमोलेड स्क्रीन मिलती है, जो कि बिल्कुल एक छोटे टैबलेट की तरह लगती है। कवर डिस्प्ले (बाहर की तरफ)- जब फोन बंद हो जाता है, तो इसमें 6.51-इंच की एमोलेड स्क्रीन का इस्तेमाल कर सकते हैं। दोनों ही स्क्रीन्स 120Hz रिफ्रेश रेट के साथ आ रही है, इसका मतलब है कि गेमिंग और स्क्रॉलिंग एकदम मक्खन जैसी स्मूद है।

**200MP सेंसर और 100x जूम का कमाल**

Vivo X Fold 6 में 200-मेगापिक्सल का OIS (ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइजेशन) कैमरा, जो कम रोशनी में भी बेहतरीन तस्वीरें क्लिक करता है। इसका अल्ट्रावाइड कैमराः 50-मेगापिक्सल का है। टेलीफोटो कैमरा, जो कि 50-मेगापिक्सल और 100x डिजिटल जूम सपोर्ट करता है। सेल्फी कैमरा आपको अंदर और बाहर दोनों ही स्क्रीन्स पर 20 मेगापिक्सल के दो सेल्फी कैमरे मिलते हैं। इसके साथ ही, फोन से आप 8K क्वालिटी तक वीडियो रिकॉर्ड कर सकते हैं।

**परफॉर्मेंस और बैटरी**

फोन को बेहतरीन रफ्तार देने के लिए इसमें मीडियाटेक डाइमेंसिटी 9500 सुपर चिपसेट लगी हुई है। इसके साथ ही 16GB तक की LPDDR5x अल्ट्रा रैम और 1TB तक की स्टोरेज मौजूद है। इसके अलावा, आपका फोन कभी-भी हैंग नहीं होता है और स्टोरेज की कमी भी नहीं होती है। जहां ज्यादातर फोल्डेबल फोन्स की बैटरी जल्दी खत्म हो जाती है, लेकिन Vivo X Fold 6 में 7,000mAh की बड़ी बैटरी दी गई है। इसका 80W वायर्ड और 40W वायरलेस फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करता है।

**Vivo X Fold 6 की कीमत**

बता दें कि, चीन में यह फोन 1 जुलाई से वीवो के ऑनलाइन स्टोर पर मिलने लगा है। इसके अलग-अलग तीन रंग है, जैसे कि ब्लू होल, पोलर नाइट और साल्ट लेक में पेश किया गया है। इसके अलग-अलग मॉडल्स की कीमत नीचे दे रखी है।

-रैम + 256GB CNY 7,999 रू.1,11,000
-12GB रैम + 512GB CNY 8,999 रू.1,25,000
-16GB रैम + 512GB CNY 9,999 रू.1,39,000
-16GB रैम + 1TB CNY 10,999 रू.1,53,000
-स्पेशल ब्लैक गोल्ड एडिशन CNY 11,299 रू.1,57,000

इसके अतिरिक्त यह फोन सिर्फ चीन में लॉन्च हुआ है।हालांकि, भारत या ग्लोबल मार्केट में इसकी लॉन्च की तारीख अभी सामने नहीं आई।

## WhatsApp पर आ रहा है सबसे बड़ा प्राइवेसी अपडेट! अब फोन नंबर शेयर किए बिना चैट के लिए बनाएं 'यूज़रनेम'



प्राइवेट रोलआउट से पहले ही दुनिया भर में 29 जून से यूज़रनेम रिज़र्वेशन (Username Reservation) की सुविधा शुरू कर दी गई है, ताकि यूज़र्स अपना पसंदीदा नाम पहले ही सुरक्षित कर सकें। WhatsApp हमारी रोज़मर्रा की जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है। लेकिन अब तक किसी से भी बातचीत शुरू करने का मतलब होता था—अपना पर्सनल मोबाइल नंबर शेयर करना। चाहे कोई अनजान व्यक्ति हो, नया क्लासमेट हो या किसी ग्रुप का मेंबर, चैट करने के लिए नंबर देना मजबूरी थी। लेकिन अब यह पूरी तरह बदलने जा रहा है। मेटा (Meta) के स्वामित्व वाले प्लेटफॉर्म WhatsApp ने आधिकारिक तौर पर 'यूज़रनेम'(Username) फीचर की घोषणा कर दी है।

(नोटः सोशल मीडिया पर चल रहे कुछ भ्रमों के विपरीत, वर्तमान में विल कैथकार्ट (Will Cathcart) वॉट्सऐप के ग्लोबल हेड हैं। यह नया फीचर प्राइवेसी को पूरी तरह बदलने के लिए वैश्विक स्तर पर रोलआउट किया जा रहा है।)

प्राइवेट रोलआउट से पहले ही दुनिया भर में 29 जून से यूज़रनेम रिज़र्वेशन (Username Reservation) की सुविधा शुरू कर दी गई है, ताकि यूज़र्स अपना पसंदीदा नाम पहले ही सुरक्षित कर सकें। X पर एक आधिकारिक पोस्ट में, WhatsApp के CEO कुणाल शाह ने बताया कि उन्होंने पब्लिक रोलआउट से पहले ही अपना यूज़रनेम क्लेम कर लिया था। शाह ने लिखा, 'सही समय बहुत मायने रखता है। दुनिया के लिए इसे जारी करने से पहले ही मैंने अपना यूज़रनेम क्लेम करने के लिए WhatsApp ज्वॉइन कर लिया था। अब आपका समय है।' उन्होंने यूज़र्स को अपने पसंदीदा नाम रिज़र्व करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि वे नाम उपलब्ध न रहने से पहले ही उन्हें ले सकें।

**तो, WhatsApp को अचानक यूज़रनेम की ज़रूरत क्यों पड़ी?**

कंपनी के अनुसार, इसका मुख्य कारण प्राइवेसी है। WhatsApp का कहना है कि ऐसी कई स्थितियाँ होती हैं जहाँ लोग अपना निजी फ़ोन नंबर बताए बिना संपर्क में रहना चाहते हैं। चाहे वह नेटवर्किंग इवेंट में मिला कोई व्यक्ति हो, नया क्लासमेट हो, पड़ोसी हो, या आपके बच्चे की फुटबॉल टीम के ग्रुप में शामिल माता-पिता हों - फ़ोन नंबर शेयर करना कभी-कभी ज़रूरत से ज़्यादा निजी जानकारी शेयर करने जैसा लग सकता है। यूज़रनेम के साथ, WhatsApp यूज़र्स अपने फ़ोन नंबर के बजाय बस एक यूनिक नाम शेयर कर पाएँगे। कंपनी का कहना है कि इसका मकसद कोई दूसरा सोशल मीडिया हैंडल बनाना नहीं है, बल्कि बातचीत का एक ऐसा तरीका बनाना है जिसमें प्राइवेसी को प्राथमिकता दी जाए। Instagram या X के विपरीत, यहाँ कोई पब्लिक डायरेक्टरी नहीं होगी जहाँ लोग यूज़रनेम ब्राउज़ कर सकें, और न ही WhatsApp दूसरों को यूज़रनेम का सुझाव देगा। किसी व्यक्ति को पहली बार मैसेज करने से पहले आपका सही यूज़रनेम पता होना ज़रूरी होगा।

**WhatsApp यूज़रनेम की क्या है?**

WhatsApp 'यूज़रनेम की' (Username Key) नाम की सुविधा के ज़रिए सुरक्षा की एक और परत भी जोड़ रहा है। यह ऑप्शनल सिक्योरिटी फ़ीचर यूज़र्स को एक अतिरिक्त की (key) बनाने की सुविधा देता है। जो लोग पहली बार संपर्क कर रहे हैं, उन्हें यूज़रनेम का इस्तेमाल करके मैसेज भेजने से पहले यह की (key) डालनी होगी। कंपनी का कहना है कि इस की (key) को कभी भी बदला जा सकता है, जिससे यूज़र्स को यह कंट्रोल मिलता है कि कौन उनसे संपर्क कर सकता है।

**अपना WhatsApp यूज़रनेम कैसे रिज़र्व करें**

आप अभी इन स्टेप्स को फ़ॉलो करके अपना यूज़रनेम रिज़र्व कर सकते हैः

**WhatsApp को लेटेस्ट वर्शन में अपडेट करें**

सेटिंग्स खोलें
अकाउंट पर टैप करें
यूज़रनेम चुनें

**एक उपलब्ध यूज़रनेम चुनें और उसे कन्फ़र्म करें**

इस बीच, क्रिएटर्स, बिज़नेस और ऑर्गनाइज़ेशन ऐसे यूज़रनेम क्लेम कर सकेंगे जो उनके मौजूदा Instagram या Facebook अकाउंट से मेल खाते हों, जहाँ भी ऐसा संभव हो WhatsApp का कहना है कि यूज़रनेम 35 कैरेक्टर तक लंबे हो सकते हैं और उन्हें कुछ खास नेमिंग नियमों का पालन करना होगा। यूज़र्स कभी भी अपना यूज़रनेम अपडेट, हटा या बदल भी सकेंगे। कंपनी का यह भी कहना है कि मशहूर हस्तियों और सेलिब्रिटीज़ से जुड़े यूज़रनेम रिज़र्व किए जाएंगे ताकि किसी और के नाम का इस्तेमाल करके धोखाधड़ी (impersonation) को कम किया जा सके। ध्यान दें कि आपकी मौजूदा चैट्स में कोई बदलाव नहीं होगा। आपके मौजूदा कॉन्टैक्ट्स आपको वैसे ही मैसेज करते रहेंगे जैसे वे अभी करते हैं, जबकि ब्लॉकिंग, रिपोर्टिंग और एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन जैसे फ़ीचर्स पहले की तरह काम करते रहेंगे।

**यह फ़ीचर कब रोल आउट होगा?**

इसका रोलआउट अगले कुछ महीनों में धीरे-धीरे होगा, इसलिए यह फ़ीचर तुरंत सभी को नहीं दिखेगा। WhatsApp का कहना है कि जब उनके इलाके में यूज़रनेम रिज़र्वेशन की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी, तो यूज़र्स को इन-ऐप नोटिफिकेशन मिलेगा, जबकि पूरा फ़ीचर इस साल के आखिर में पेश किया जाएगा।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पताः टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएंः पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170